Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

## अध्याय - 2 | व्यावसायिक संगठन के स्वरूप

**QUIZ PART-08**

1. **सहकारी संगठन का मुख्य उद्देश्य क्या होता है?**
   A. अधिकतम लाभ कमाना
   B. पारस्परिक सहायता और कल्याण
   C. सरकारी नियंत्रण बढ़ाना
   D. व्यक्तिगत हितों की पूर्ति (B)

*व्याख्या :* सहकारी संगठनों का उद्देश्य सदस्यों के हितों की रक्षा करना और सेवा भाव से पारस्परिक सहायता प्रदान करना होता है।

2. **सहकारी समिति को कानूनी मान्यता कब मिलती है?**
   A. मौखिक सहमति से
   B. सरकारी आदेश से
   C. पंजीकरण के बाद
   D. बैंक से स्वीकृति मिलने पर (C)

*व्याख्या :* सहकारी समितियों का पंजीकरण अनिवार्य है; पंजीकरण के बाद ही उन्हें अलग कानूनी पहचान मिलती है।

3. **सहकारी समिति का पंजीकरण किस अधिनियम के अंतर्गत किया जाता है?**
   A. कंपनी अधिनियम 2013
   B. सहकारी समिति अधिनियम 1912
   C. साझेदारी अधिनियम 1932
   D. भारतीय अनुबंध अधिनियम 1872 (B)

*व्याख्या :* सहकारी समितियों का पंजीकरण सहकारी समिति अधिनियम 1912 के अंतर्गत अनिवार्य है।

4. **सहकारी समिति गठन के लिए न्यूनतम कितने वयस्क सदस्य आवश्यक होते हैं?**
   A. 2
   B. 5
   C. 10
   D. 3 (C)

*व्याख्या :* समिति गठित करने हेतु कम से कम 10 वयस्क सदस्यों की आवश्यकता होती है।

5. **सहकारी समिति की सदस्यता किस प्रकार होती है?**
   A. केवल आमंत्रण पर
   B. अनिवार्य
   C. स्वैच्छिक
   D. सरकारी निर्देश के अनुसार (C)

*व्याख्या :* कोई भी व्यक्ति इच्छा अनुसार समिति में शामिल हो सकता है या उसे छोड़ सकता है; सदस्यता पूरी तरह स्वैच्छिक होती है।

6. **सदस्यों का दायित्व किस प्रकार का होता है?**
   A. असीमित
   B. आंशिक
   C. सीमित
   D. पूर्णतः व्यक्तिगत (C)

*व्याख्या :* सदस्यों का दायित्व उनके द्वारा लगाई गई पूँजी की राशि तक सीमित रहता है।

7. **सहकारी समिति के नियंत्रण का अधिकार किसके पास होता है?**
   A. सरकारी अधिकारियों के पास
   B. समिति के प्रबंध निकाय के पास
   C. केवल अध्यक्ष के पास
   D. बाहरी विशेषज्ञों के पास (B)

*व्याख्या :* समिति का नियंत्रण उसके चुने हुए प्रबंध निकाय के हाथों में होता है।

8. **सहकारी संगठनों में सेवा भावना का क्या अर्थ है?**
   A. अधिक लाभ कमाना
   B. सदस्यों के बीच प्रतिस्पर्धा
   C. पारस्परिक सहयोग और कल्याण पर जोर
   D. निजी संपत्ति बढ़ाना (C)

*व्याख्या :* सेवा भावना सहकारी संगठन की मूल आत्मा है, जिसमें सदस्यों के कल्याण और पारस्परिक सहायता को प्राथमिकता दी जाती है।

9. **सहकारी समिति की कौन-सी विशेषता उसे अन्य संगठनों से अलग बनाती है?**
   A. व्यक्तिगत नियंत्रण
   B. लाभ अधिकतम करना
   C. अलग कानूनी अस्तित्व
   D. कम सदस्यता शुल्क (C)

*व्याख्या :* पंजीकरण के बाद समिति अपने सदस्यों से अलग एक स्वतंत्र कानूनी इकाई मानी जाती है।

10. **सहकारी संगठन किस सिद्धांत पर आधारित है?**
   A. "अधिकतम लाभ"
   B. "एकल नियंत्रण"
   C. "पारस्परिक सहायता द्वारा स्वयं सहायता"
   D. "पूँजी वृद्धि" (C)

*व्याख्या :* सहकारी समिति का मूल सिद्धांत है– पारस्परिक सहयोग के माध्यम से स्वयं की सहायता करना।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें। 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App